उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की प्रशासकीय परिषद् की दसवीं बैठक दिनांक 19–07–2017 का कार्यवृत्त।

परिषद् की बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया :–

| क्रमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रो० ए०के० चतुर्वेदी, निदेशक, आई०आई०टी०, रूड़की। | अध्यक्ष |
| 2 | श्री भुवनेश कुमार, सचिव, उ०प्र० शासन, प्राविधिक शिक्षा, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3 | प्रो० विनय कुमार पाठक, कुलपति ए०के०टी०यू०, लखनऊ। | सदस्य |
| 4 | श्री केशव प्रसाद, उप सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र० शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 5 | श्री शकील अहमद, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर। | सदस्य |
| 6 | प्रो० जे०पी० सैनी, निदेशक, ए०आई०टी०एच०, कानपुर। | सदस्य |
| 7 | प्रो० ममता जोशी, प्रोफेसर टेक्सटाइल टेक्नोलोजी विभाग, आई०आई०टी०, दिल्ली। | सदस्य |
| 8 | डा० के०के० गोस्वामी, निदेशक, आई०आई०सी०टी०, भदोही। | सदस्य |
| 9 | डा० डी०बी० शाक्यवार, निदेशक उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य सचिव |

परिषद् की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित न हो सके।

| क्रमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० बी०के० बेहरा,<br>विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग,<br>आई०आई०टी०, दिल्ली। | सदस्य |
| 2. | डा० टी०सी० सामी,<br>संयुक्त निदेशक,<br>डी०एम०एस०आर०डी०ई०,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो० सत्यव्रत मित्रा,<br>प्रोफेसर,<br>इलेक्ट्रानिक्स विभाग, आई०आई०टी०,<br>वाराणसी। | सदस्य |
| 4. | डा० आर०आर० मलिक,<br>डायरेक्टर, एकेडमिक पी०सी०डी० विद्यापीठ,<br>सिरसा,<br>हरियाणा। | सदस्य |

10.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 10 फरवरी, 2016 को सम्पन्न नौवी बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण का किया जाना।

उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद् की नौवी बैठक दिनांक 10 फरवरी, 2016 को कक्ष सं0–80 विधान भवन, उ0प्र0 शासन, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। परिषद द्वारा बैठक में बिन्दु–9.4(स) को छोड़कर अन्य बिन्दुओं का पुष्टिकरण किया गया। बिन्दु–9.4(स) में डा0 प्रमोद कुमार को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के संबंध में लिये गये निर्णय पर प्रशासकीय परिषद के उपाध्यक्ष द्वारा निवर्तमान सदस्य डा0 एस0एम0 इश्तियाक, डा0 वीरेन्द्र कुमार एवं यू0जी0सी0 नामित सदस्य डा0 आर0आर0 मलिक द्वारा दर्ज आपत्तियों पर सहमति जताते हुए प्रकरण की वैधता पर प्रश्न चिह्न लगाया। परिषद द्वारा प्रकरण को निस्तारित करने हेतु निम्न तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

1– प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ
2– डा0 के0के0 गोस्वामी, निदेशक, आई0आई0सी0टी0, भदोही
3– डा0 डी0बी0 शाक्यवार, निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

समिति प्रकरण के समस्त तथ्यों का संज्ञान लेते हुए अपनी संस्तुति प्रशासकीय परिषद के समक्ष प्रस्तुत करेगी। उस समय तक पूर्व में लिये गये निर्णय को स्थगित रखा जाय।

10.02 नौवी बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही का अनुमोदन किया जाना।

प्रशासकीय परिषद ने दिनांक 10 फरवरी, 2016 को सम्पन्न हुई। नौवी बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही का अवलोकन किया एवं बिन्दु–9.4(स) के संबंध में प्रशासकीय परिषद द्वारा गठित समिति की अनुसंशा के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

10.03 संस्थान की वित्त समिति की तेरहवीं एवं चौदहवीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

संस्थान की वित्त समिति की तेरहवीं व चौदहवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद् को अवगत कराया गया। परिषद् ने प्रस्ताव का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया।

10.04 संस्थान की शैक्षिक गतिविधियों से प्रशासनिक परिषद् को अवगत कराते हुए अनुमोदन का प्राप्त किया जाना।

परिषद ने प्रस्ताव का अवलोकन किया।

10.05 संस्थान में चल रहे निर्माण कार्य किये जाने की अद्यतन स्थिति के बारे में परिषद को अवगत कराते हुए अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद ने भवन समिति की छठी, सातवीं, आठवीं बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया।

10.06 संस्थान में अनुपयुक्त हो चुकी सामग्रियों को निष्प्रयोज्य घोषित कर निलामी की कार्यवाही सत्र 2017–18 में करायें जाने हेतु अनुमोदन का प्राप्त किया जाना।

परिषद ने अनुपयुक्त हो चुकी सामग्रियों को निष्प्रयोज्य घोषित कर निलामी करायें जाने के प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए आगामी वित्त समिति में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

10.07 विश्व बैंक परियोजना (टेकिप–III) के अन्तर्गत संस्थान द्वारा प्रस्तुत इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेन्ट प्रपोजल (आई०डी०पी०) कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु परिषद से अनुमोदन का प्राप्त किया जाना।

परिषद ने विश्व बैंक परियोजना (टेकिप–III) के अन्तर्गत संस्थान द्वारा प्रस्तुत इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेन्ट प्रपोजल (आई०डी०पी०) कार्यक्रम के प्रोक्योरमेन्ट प्लान का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया।

10.08 माननीय न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लंबित वादों से परिषद को अवगत कराना।

परिषद ने विचाराधीन एवं लम्बित वादों की अद्यावधि स्थिति से अवगत होते हुए लम्बित वादो में शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।

10.09 संस्थान में अध्यनरत छात्र/छात्राओं के सेवायोजन की स्थिति से परिषद को अवगत कराते हुए अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद ने प्रस्ताव का अवलोकन किया।

10.10 संस्थान की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त शैक्षिक स्वायत्ता को सत्र 2016–17 से लागू करने की स्थिति से प्रशासकीय परिषद् को अवगत कराना।

परिषद ने शैक्षिक परिषद की बैठकों के कार्यवृत्तों का अवलोकन करते हुए एन०बी०ए० द्वारा एक्रिडिटेशन प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

10.11 संस्थान स्तर पर लिये गये प्रशासनिक निर्णय को प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

परिषद ने प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए श्रीमती सीमा शुक्ला, पुस्तकालयाध्यक्ष को ए०सी०पी० का लाभ प्रदान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

10.12 संस्थान में कार्यरत संकाय सदस्यों (शिक्षकों) की वरिष्ठता की सूची का निर्धारण करते हुये अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद ने संस्थान के बायलाज एवं शासनादेश के तहत निदेशक स्तर से वरिष्ठता सूची जारी करने के निर्देश दिये।

10.13 संस्थान में कार्यरत संकाय सदस्यों को उनके पद पर स्थायी किया जाना।

संस्थान के निम्न शिक्षकों को उनके द्वारा धारित पद पर स्थायी घोषित किये जाने का प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया की, यह

सुनिश्चित कर लिया जाये की इन शिक्षकों की सतोषजनक सेवा एवं कोई विभागीय जॉच लम्बित नही है।

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | नियुक्ति तिथि | स्वरूप |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0 जितेन्द्र प्रताप सिंह | सहायकप्रोफेसर बुनाई | 12.03.2005 | राजकीय |
| 2 | डा0 देवेन्द्र प्रसाद | सहायक प्रोफेसर भौतिकी | 17.11.2005 | राजकीय |
| 3 | श्री शिवगोविन्द प्रसाद | सहायक प्रोफेसर रसायन | 27.11.2006 | राजकीय |
| 4 | श्री जितेन्द्र कुमार गौतम | सहायक प्रोफेसर मैके0 इंजी0 | 06.12.2007 | स्वायत्तशासी |
| 5 | डा0 नीलू कन्वो | सहायक प्रोफेसर रसायन | 14.12.2007 | स्वायत्तशासी |

10.14 संस्थान के अगले नियमित निदेशक की नियुक्ति हेतु कार्यवाही करने की अनुमति प्राप्त किया जाना।

प्रशासकीय परिषद ने नियमित निदेशक की नियुक्ति सबंधी कार्यवाही करने की अनुमति प्रदान की ।

10.15 संस्थान मे द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु (पूर्व में किये गये विज्ञापन को निरस्त करते हुये पुन: विज्ञापन/अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयन हेतु अधियाचन/कार्यवाही कराये जाने हेतु अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

प्रस्ताव को वापस ले लिया गया।

10.16 संस्थान में ए0आई0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार संकाय सदस्यों (शिक्षकों) के पदों का सृजन करने हेतु विचारोपरान्त अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

प्रशासकीय परिषद ने ए0आई0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार कुल अतिरिक्त 33 पदों (प्रोफेसर 02 पद, एसोसिएट प्रोफेसर 08 पद एवं सहायक प्रोफेसर के 23 पद) का सृजन हेतु सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की एवं निदेशक द्वारा शासन को पद सृजन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

Jp Mishra

10.17 संस्थान के रिक्त शैक्षिक पदों पर भर्ती संबंधी कार्यवाही से अवगत कराते हुये पूर्व में गठित विशेषज्ञों की समिति को पुर्नगठित करने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद द्वारा विशेषज्ञों की समिति को संक्षिप्त करते हुये अध्यक्ष महोदय को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया।

10.18 संस्थान के बाय-लाज में डीन आफ स्टूडेन्ट एण्ड वेलफेयर, डीन आफ एकेडमिक व डीन पी0जी0 एण्ड रिसर्च के पदों की व्यवस्था करने हेतु प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद ने संस्थान में डीन आफ स्टूडेन्ट एण्ड वेलफेयर एवं डीन (एकेडमिक) पद सृजित करने के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की।

10.19 संस्थान द्वारा शैक्षिक स्वायत्तता लागू करने के उपरान्त परीक्षा नियंत्रक के पद एवं परीक्षा अधीक्षक के पद पर संस्थान में कार्यरत शिक्षकों को नामित करने हेतु अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

प्रस्ताव वापस ले लिया गया।

10.20 प्रशासकीय परिषद द्वारा परिषद के रिक्त पदों पर सदस्यों को नामित किया जाना।

(क) संस्था में कार्यरत दो विभागाध्यक्षों में से जो प्रोफेसर के पद से कम पर कार्यरत न हो को प्रशासकीय परिषद के सदस्य के रूप में नामित करने हेतु अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद ने सदस्य नामित करने हेतु अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया।

(ख) तकनीकी विशेषज्ञ/इंजीनियरिंग (टेक्सटाइल) के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले किसी 01 सदस्य को नामित किया जाना।

परिषद ने प्रो0 देवव्रत गोस्वामी, प्रोफेसर, आई0आई0टी0, कानपुर को नामित करने पर सहमति प्रदान की।

(ग) संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति में प्रशासकीय परिषद द्वारा एक सकाय सदस्य को नामित किया जाना।

परिषद ने केन्द्रीय क्रय समिति में डा0 मुकेश कुमार सिंह, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर को नामित करने पर अनुमोदन प्रदान किया।

10.21 संस्थान के छात्र/छात्राओं हेतु फ्री वाई-फाई की सुविधा हेतु रिलायन्स जियो के साथ अनुबन्ध किये जाने के संबंध में।

परिषद ने नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

10.22 संस्थान के शिक्षकों को कैरियर उन्नति योजना (कैस) के अन्तर्गत प्रोन्नति प्रदान कराये जाने के संबंध में कार्यवाही किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

परिषद ने ए0आई0सी0टी0ई0 के नियमों के अनुसार नियमित रूप से कैस कराये जाने के निर्देश दिये।

10.23 संस्थान में 'फैशन एंड एपेरल इंजीनियरिंग' नाम से पॉचवीं ब्रान्च प्रारम्भ करना।

परिषद ने विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर पुनः परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

10.24 संस्थान में इनडोमेन्ट फण्ड की स्थापना एवं इसके उपयोग हेतु दिशा-निर्देशों का अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद ने प्रस्ताव को वित्त समिति के समक्ष रखने के निर्देश दिये।

10.25 संस्थान की वित्त समिति के सदस्य निदेशक, एच०बी०टी०आई०, कानपुर के स्थान पर कुलसचिव, एच०बी०टी०यू०, को नामित किया जाना।

परिषद ने प्रो० एन०बी० सिंह, प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आई०ई०टी०, लखनऊ को वित्त समिति के सदस्य के रूप में अनुमोदन प्रदान किया।

| | | |
|---|---|---|
| (डी०बी० शाक्यवार)<br>निदेशक एवं सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान कानपुर | (भुवनेश कुमार)<br>सचिव,प्राविधिक शिक्षा,<br>एवं उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान कानपुर | (प्रो० ए०के० चतुर्वेदी)<br>अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान कानपुर |